मध्य प्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मंत्रालय
बल्लभ भवन, भोपाल– 462004

क्रमांक 2286 /3693/ 2004 / 1/ चौंतीस भोपाल दिनांक 28.8.2004

प्रति,

1. प्रमुख अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मध्य प्रदेश भोपाल
2. मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
परिक्षेत्र, इंदोर / जबलपुर / ग्वालियर
भोपाल

विषय :– माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन क्र. 5268 / 2004 में दिये गये आदेशानुसार मुख्य सचिव के अधीनस्थ स्थानांतर प्रकोष्ठ का गठन।

डा. जगत सिंह परिहार द्वारा मध्य प्रदेश शाासन के विरूद्ध माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत रिट पिटीशन क्र. 5268 /2004 में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 03.08.2004 को पारित आदेश के परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग ने उनके आदेश क्र. एफ – 6–3/ 2004 /1/9 दिनांक 13.08.2004 द्वारा विद्यमान स्थानांतरण नीति के विरूद्ध किए गए स्थानांतरणों से संबंधित अभ्यावेदनों के निराकरण हेतु मुख्य सचिव के अधीन एक प्रकोष्ठ का गठन किया है।

2– उल्लेखित प्रकोष्ठ में अभ्यावेदन प्राप्त करने तथा उनके निराकरण की प्रक्रिया के निर्धारण से संबंधित सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 13 अगस्त 2004 को परिपत्र जारी किए गए हैं।

3– सामान्य प्रशासन विभाग ने दिनांक 13.08.2004 के आदेश एवं परिपत्र तथा दिनांक 13.08.2004 के परिपत्र आपको भी संबोधित / पृष्ठांकित करते हुए प्रेषित किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश एवं परिपत्रों द्वारा की गई अपेक्षा / निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की सुनिश्चितता हेतु सर्व संबंधितों को अवगत कराते हुए आपके स्तर से की जाने वाली कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जे.पी.पिडिहा

अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांात्रिकी विभाग